-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 24.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **डायल यूपी-112 मुख्यालय से जनपद बांदा को प्राप्त 16 नये चारपहिया पीआरवी वाहनों को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना।**
- **कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवाओं को और प्रभावी तथा बेहतर बनाने हेतु डायल यूपी-112 मुख्यालय से जनपद बांदा को प्राप्त हुए हैं नये पीआरवी वाहन।**

विवरण– आज दिनांक 24.04.2026 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा जनपद बांदा को प्राप्त 16 नये चारपहिया पीआरवी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। गौरतलब को कि जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आपाताकालीन पुलिस सेवाओं को और प्रभावी तथा बेहतर बनाने हेतु डायल यूपी-112 मुख्यालय से जनपद बांदा को 16 नये चारपहिया वाहन प्राप्त हुए हैं जिनमें 03 इनोवा तथा 13 स्कार्पियो हैं। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा हरी झण्डी दिखाते हुए पीआरवी वाहनों को रवाना किया गया। डायल यूपी-112 में इन नये पीआरवी वाहनों के शामिल होने से जनपद बांदा में कानून व्यवस्था, आपातकालीन पुलिस सेवाएं और बेहतर तथा प्रभावाशाली होगी। नये पीआरवी वाहनों के आने से तैनात पीआरवी वाहनो की सघनता में वृद्धि होगी जिससे रिस्पांस टाइम काफी कम करने में मदद् मिलेगी।